MASA-04

June - Examination 2016

MA (Previous) Sanskrit Examination

भारतीय काव्यशास्त्र एवं व्याकरण

Paper - MASA-04

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

Note: The question paper is divided into three sections A, B and C. Write answers as per the given instructions.

निर्देश : यह प्रश्न–पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

खण्ड – 'अ' **8 × 2 = 16**

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (अनिवार्य)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1) (i) साहित्य दर्पण के प्रथम परिच्छेद का नाम लिखिए।

(ii) औचित्य सम्प्रदाय के आचार्य कौन है?

(iii) आनन्द वर्धनाचार्य किस सम्प्रदाय के आचार्य हैं?

(iv) नाट्यशास्त्र के अनुसार रस की क्या परिभाषा हैं?

(v) साहित्यदर्पण में वाक्य की क्या परिभाषा बताई गई है?

(vi) काव्य प्रकाश के रचयिता कौन है?

(vii) भरत के रससूत्र के किन्हीं दो व्याख्याकारों के नाम बताइये।

(viii) 'वक्रोक्ति काव्य जीवितम्' किसकी परिभाषा है?

खण्ड – ब $4 \times 8 = 32$

(लघु उत्तर वाले प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) निम्न में से किसी एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या हिन्दी भाषा में कीजिए।

(i) विभावेनानु भावेन व्यक्तः संचारिणा तथा।
रसतामेति रत्यादिः स्थायी भावः सचेतसाम्।।

(ii) वाच्योऽर्योऽभिधया बोध्यो लक्ष्यो लक्षणया मतः।
व्यङ्ग्यो व्यञ्जनया ताः स्युस्तिस्त्रः शब्दस्य शक्तयः।।

3) साहित्य दर्पण के अनुसार काव्य लक्षण को स्पष्ट कीजिए।

4) मत्रवारिणी या नान्दी पर टिप्पणी लिखिए।

5) काव्यालङ्कार के अनुसार काव्य प्रयोजन बताइये।

6) कुन्तक के अनुसार वक्रोक्ति के भेदों को स्पष्ट कीजिए।

7) साहित्यदर्पण के अनुसार लक्षणा शब्द शक्ति का वर्णन कीजिए।

8) निम्न में से किसी एक श्लोक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) जग्राह पाठ्यमृग्वेदात् सामभ्योगीत मेवच।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।।

(ii) विष्णुः सिंहासनं चैव कुबेरो मुकुटं तथा।
श्राव्यत्वं प्रेक्षणीयस्य ददौ देवी सरस्वती।।

9) नाट्यशास्त्र के अनुसार जर्जर की उत्पत्ति को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड – स **2 × 16 = 32**

(दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) नाट्शास्त्र के अनुसार नाट्यमण्डपों का वर्णन कीजिए।

11) ध्वनिविरोधी सिद्धान्तों का वर्णन करते हुए ध्वनि को स्पष्ट कीजिए।

12) साहित्यदर्पण के अनुसार अभिधामूला व्यञ्जना को स्पष्ट कीजिए।

13) भरतमुनि के अनुसार 4 नाट्य–वृत्तियों पर प्रकाश डालिए।